कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र): (क) जी नहीं। कृषि में निवेश की राशि प्रतिवर्ष बढ़ रही है।

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान बैंकों द्वारा निचले स्तर पर वितरित ऋण में कृषि क्षेत्र के अंश संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं है। बहरहाल विगत तीन वर्षों में प्राथमिकता वाले क्षेत्र में निचले स्तर पर किए गए ऋण वितरण में कृषि क्षेत्र के अंश का ब्यौरा इस प्रकार है:—

(करोड़ रुपये)

वर्ष	प्राथमिकता वाले क्षेत्र को निचले स्तर पर वितरित कुल ऋण	कृषि क्षेत्र का अंश	कृषि क्षेत्र के अंश का प्रतिशत
1	2	3	4
1993-94	26049	16494	63
1994-95	25948	21424	82
1995-96	30345*	24849	82

*अनन्तिम

(ग) कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु ऋण उपलब्ध कराने में सुधार करने के लिए भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक एवं राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा विभिन्न नीतिगत उपाय किए गए हैं, जिनका ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

(i) समेकित ग्रामीण विकास परियोजना की प्रगति की समीक्षा करने एवं उसमें सुधार करने के लिए समुचित उपायों की सिफारिश करने के लिए समिति की नियुक्ति;

(ii) कृषि संबंधी पेशगियों के प्रतिभूति मानदण्डों में संशोधन;

(iii) ऋण तथा पुनर्वित्त संबंधी ब्याज दरों को युक्तियुक्त बनाना;

(iv) राज्य सहकारी बैंकों/केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा व्यक्तियों को ऋण देने का दायरा बढ़ाना;

(v) चूककर्त्ता राज्य भूमि विकास बैंकों को पुनर्वित्त सहायता जारी करने के लिए लचीली नीति अपनाना;

(vi) ड्रिप तथा छिड़काव सिंचाई जैसी नई प्रौद्योगिकी पर बल देना;

(vii) खुम्बी, उत्तक संवर्द्धन, पुष्पोत्पादन, सब्जियों की खेती, खाद्य प्रसंस्करण जैसी उच्च प्रौद्योगिकी वाली स्कीमों के लिए संस्थागत ऋण को बढ़ाने के प्रयास करना; एवं

(viii) छोटी सिंचाई तथा ग्रामीण विकास संबंधी आधारभूत ढ़ांचे के विकास के लिए राज्यों को दीर्घावधि ऋण प्रदान करने की दृष्टि से राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि नामक एक विशेष निधि बनाई जा रही है।

नाबार्ड द्वारा बैंकों को सलाह दी गई है कि खास तौर से कृषि, पुष्पोत्पादन एवं उत्तक संवर्द्धन संबंध नवीन एवं उच्च प्रौद्योगिकी वाली परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु विशेष कृषि शाखाएं खोलें।

Rail track condition in South Central Railways

4043. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the division-wise number of "track fractures" detected in the South Central Railways between 1.1.1996 and 31.7.96; and

(b) the steps being taken to improve the quality of track in Andhra Pradesh by the Railways?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ):

a) Division	Rail/Weld failures
Secunderabad	31
Vijayawada	12
Guntakal	17
Hubli	9
Hyderabad	Nil; and

(b) Steps taken are as under:

(i) Frequent ultrasonic testing of rails to detect flaws in rails and timely replacement of defective rails.

(ii) Renewal of rails and sleepers on age cum condition basis as planned works.